# कार्यालय नगर निगम,(कोटा उत्तर) (राज.)

क्रमांक : ननिको(उ0) / निर्माण / 2025 / 1739-50 दिनांक : 20/1/25

## ई–निविदा सूचना संख्या : 18 / 2024–25

नगर निगम कोटा द्वारा विभिन्न अभियान्त्रिकी विभागों के **"A", "AA"** श्रेणी एवं नगर निगम कोटा में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों से ई–निविदा द्वारा Two Bid System पद्धति से निम्नानुसार ऑनलाईन निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं। संवेदक निविदा प्रपत्र नगर निगम की वेबसाईट **www.kotamc.org**, **www.kotamunicipal.org**, **http://sppps.rajasthan.gov.in**, **https://eproc.rajasthan.gov.in** से प्राप्त कर सकेंगे।

| निविदा डाउनलोड करने की तिथि (वेबसाईट से) निविदा अपलोड करने की तिथि | निविदा / तकनीकी बिड खोलने की तिथि | वित्तीय बिड खोलने की तिथि |
|---|---|---|
| 27.01.2025 से 17.02.2025 | 18.02.2025 (सायं 4.00 बजे) | तकनिकी बिड परिक्षण के पश्चात् |

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनु. लागत (लाखों में) | धरोहर राशि 2% | निविदा शुल्क | प्रोसेसिंग फीस | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम कोटा–उत्तर क्षेत्र के पार्कों, उद्यानों संबंधित कार्य, पेड़ो को काट–छांटकर उद्यान स्टोर में पहुँचाने एवं संधारण हेतु अकुशल / कुशल श्रमिक आपूर्ति कार्य। **(एक वर्ष के लिए)** | 142.98 | 285960/- | 3500/- | 2000/- | एक वर्ष |

शर्ते :–

1. निविदओं में भाग लेने वाले संवेदकों / फर्मो द्वारा जमा की जाने वाली निविदा शुल्क, प्रोसेगिंग फीस, धरोहर राशि आयुक्त नगर निगम कोटा–उत्तर की वेबसाइट **www.kotamc.org**, पर जाकर ऑनलाईन जमा करवानी होगी। जिसकी रसीद ऑनलाईन तकनीकी बिड में संवदेक द्वारा अपलोड करनी होगी। इसके अभाव में संवेदक को असफल कर दिया जायेगा। असफल संवेदक की सिर्फ धरोहर राशि लोटाई जावेगी। निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस **( Non-Refundable)** वापस नही की जावेगी।
2. कार्य के विलम्ब की स्थिति में गुणावगुण के आधार पर अनुबन्ध में निहित अधिकतम दर तक शास्ती लगायी जा सकेगीं।
3. अनुबन्ध करने में असमर्थ रहने अथवा कार्य करने में असमर्थ रहने पर अनुबन्ध की शर्त सं0 2 व 3 के अन्तर्गत आपकी रिस्क एण्ड कोस्ट पर नगर निगम कोटा उत्तर को कार्य करने का / जमा योग्य अर्नेस्ट मनी की शास्ती लगाने की कार्यवाही करने का निगम को अधिकार सुरक्षित रहेगा बिड सिक्यूरिटी घोषणा पत्र के अनुसार कार्यवाही कर सकेगा।
4. कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व एवं कार्य समाप्ति कार्य स्थल के फोटोग्राफ प्रस्तुत करने होगें एवं कार्य स्थल पर सूचना बोर्ड स्वयं के खर्चे पर लगाना होगा। कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व संबंधित सहा.अभि. / कनि.अभि. संबंधित वार्ड पार्षद / जन प्रतिनिधि को सूचित करेंगे एवं उनके सामने गुणवत्ता रिपोर्ट हेतु सेम्पल लिया जाना सुनिश्चित करेगें।
5. न्यूनतम मजदूरी एक्ट एवं श्रम कानूनों की पालना किया जाना अनिवार्य होगा।
6. कर्मचारी भविष्य निधि योजना **(EPFO)** के अन्तर्गत **EPF & ESI** पंजीयन की प्रति संलग्न करनी होगी एवं **EPF & ESI** के समस्त प्रकार के दायित्त्वों का निवर्हन संवेदक का होगा के संबंध में 100 / –रू0 के स्टाम्प पर शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।
7. कार्य संपादन प्रतिभूति / सुरक्षा निधि की वापसी अनुबंध की शर्त संख्या 37 के अनुसार होगी।
8. संवेदक द्वारा निष्पादित किये जाने वाले अनुबंध में संवेदक यह तथ्य भी स्पष्ट रूप से उल्लेख करेगा की **PF & ESI** विभाग के किसी प्रकार के दायित्त्व सृजित होते हैं तो उसकी समस्त जिम्मेदारी संवेदक की होगी।
9. वित्त विभाग की अधिसूचना दिनांक 22.10.2021 अनुसार आर. टी. पी. पी. नियम 2013 **Additional Perfomance Security** के लिए नियम 75 A जोडा गया है।
10. **Work Performance Guarantee** के रूप में कार्य आदेश जारी करने से पूर्व ली जावेगी तथा इसे कार्य के संतोषजनक रूप से पूर्ण होने के पश्चात् निर्धारण दोष निवारण अवधि के उपरान्त कार्य की स्थिति संतोषजनक पाये जाने पर ही संवेदक को रिफन्ड की जावेगी।
11. तकनीकी प्रपत्र 24 घण्टे अपलोड होने के पश्चात् कोई आपत्ति प्राप्त होती हैं तो आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी।
12. यदि कार्य निर्माण से संबंधित है तो, नाली रोड़ के कार्य से पहले नाली का कार्य प्रारम्भ करना होगा। नाली निर्माण के बाद सड़क का कार्य प्रारम्भ करेंगे।
13. कार्य का स्थल परिवर्तन बिना सक्षम स्वीकृति के नही कर सकेंगे।
14. संवेदक को किसी भी राजकीय संस्था विभाग, बोर्ड, कॉर्पोरेशन अथवा उपक्रम में गत 03 वर्षों में ब्लैक लिस्टेड / डिबार अथवा डिफाल्टर धोषित नहीं किया होना चाहिए इस संबंध में स्वप्रमाणित अपने लेटरपेड पर निविदा के साथ संलग्न किया जाना आवश्यक है।
15. फर्म का पेनकार्ड नं0 की छायाप्रति संलग्न करनी होगी।
16. फर्म की जीएसटी विभाग में पंजीयन की प्रति।
17. संवेदक को निविदा में मांगे गये दस्तावेजों की पूर्ति कर लगाया जाना आवश्यक होगा। यदि मांगे गये दस्तावेजों की पूर्ति नहीं किये जाने पर उस फर्म को असफल माना जावेगा।
18. वर्ष 2023 में **EPF&ESI** हेतु पंजीकृत होने वाले संवेदक रजिस्ट्रेशन की प्रति संलग्न करेगे। तथा भविष्य में **EPF&ESI** से श्रमिको के भुगतान की ओडिट कराने का 50रू के स्टाम्प पर शपथ पत्र संलग्न करेगें।
19. निविदा के साथ सहमति पत्र संलग्न करना होगा।

नोटः– तकनीकी बिड खोलने की तिथी पर किसी भी कारण वश अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस पर प्राप्त व खोली जावेगी।

अधीक्षण अभियन्ता
नगर निगम, कोटा–उत्तर

क्रमांक : ननिको(उ0)/निर्माण/2025/ 1739-50 दिनांक : 20/1/25

प्रतिलिपि एवं सूचनार्थः–

1. महापौर महोदया, नगर निगम कोटा–उत्तर।
2. उपमहापौर महोदय, नगर निगम कोटा–उत्तर।
3. नेता प्रतिपक्ष महोदय, नगर निगम कोटा–उत्तर।
4. आयुक्त महोदय, नगर निगम कोटा–उत्तर।
5. अतिरिक्त आयुक्त/उपायुक्त महोदय, नगर निगम कोटा–उत्तर।
6. मुख्य/सहायक लेखाधिकारी, नगर निगम कोटा–उत्तर।
7. अधिशाषी अभियन्ता, खण्ड–प्रथम/द्वितीस, नगर निगम कोटा–उत्तर।
8. निजी सहायक (अधी. अभि./अधि. अभि. नगर निगम कोटा–उत्तर।
9. संबंधित सहायक अभियन्ता/कनिष्ठ अभियन्ता सिविल अनुभाग नगर निगम कोटा उत्तर को भेजकर लेख हैं कि उक्त दिनांक से पूर्व तखमीना तैयार करवा कर वेब साईट पर अपलोड करावें।
10. पुस्तकालयाध्यक्ष, नगर निगम–कोटा उत्तर को वास्ते राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय समाचार–पत्र में संक्षिप्त स्थान पर प्रकाशन हेतु।
11. प्रभारी, ऑसवाल डाटा, नगर निगम, कोटा–उत्तर।
12. ई–गर्वेनेन्स/I.T. Shall Branch/श्री तरूण कुमार ऑपरेटर नगर निगम कोटा को भेजकर लेख हैं कि उक्त कार्यो की BOQ तैयार करवाकर अपलोड करावें।
13. कम्प्यूटर ऑपरेटर (निर्माण)/ नोटिस बोर्ड, नगर निगम कोटा–उत्तर।
14. सुरक्षित पत्रावली।

अधीक्षण अभियन्ता
नगर निगम, कोटा–उत्तर